कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री आशीष कुमार मीना , निवासी प्लॉट नंबर 2, जानकी देवी कॉलोनी, लाल कोठी कगे सामने, गुप्तेश्वर रोड, दौसा तहसील व जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान

अपील संख्या 09/2023

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय दिनांक 01.03.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार नांगल राजावतान को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2023/363 दिनांक 14.02.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार नांगल राजावतान ने पत्र कमांकः आरटीआई/2023/14 दिनांक 27.02.2023 के द्वारा सूचना की वस्तुस्थिति अपीलांट को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.07.28 12:49:10 IST
Reason: SelfAttested